दिनांक 6 दिसंबर 2020

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

पुलिस लाइन सहित सेक्टर 6 में करोड़ों की लागत से होंगे विकास कार्य , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने चार स्थलों पर पहुंचकर किया भूमिपूजन

भिलाई नगर/ पुलिस लाइन सहित सेक्टर 6 में करोड़ों रुपयों की लागत से अलग-अलग विकास कार्य किए जाएंगे! जिसके लिए आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने चार स्थानों पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से भूमिपूजन कराकर कार्य की शुरुआत की! ई मार्केट रोड से सड़क 65 से 69 तक मेन रोड के किनारे पेवर ब्लॉक लागत राशि 15 लाख, सड़क 65 नाले के एप्रोच रोड से सड़क 72 तक रोड किनारे पेवर ब्लॉक लागत राशि 10 लाख, सड़क 73 से 76 तक एवं सड़क 70 से 72 तक रोड किनारे पेवर ब्लॉक लागत राशि 15 लाख, सड़क एवेन्यू ई से ए मार्केट चौक तक रोड किनारे पेवर ब्लॉक लागत राशि 15 लाख, गायत्री मंदिर सेक्टर 6 से जैन भवन तक रोड किनारे पेवर ब्लॉक लागत राशि 10 लाख, सड़क 34 दुर्गा मंच के समीप पेवर ब्लॉक लागत राशि 3 लाख, सड़क एवेन्यू ए मिनी चौपाटी में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य लागत राशि 10 लाख, पुलिस थाना भिलाई नगर के सामने एवं क्रॉस स्ट्रीट 11 के पीछे गली में रोड सीमेंटीकरण कार्य लागत राशि 10 लाख, पुलिस लाइन पीडब्ल्यूडी दो से पीडब्ल्यूडी 7 एवं पीडब्ल्यूडी 24 से पीडब्ल्यूडी 40 में रोड सीमेंटीकरण लागत राशि 15 लाख एवं पुलिस लाइन दूरसंचार के सामने एवं सड़क 77 में नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य लागत राशि 8 लाख से होने वाले कार्यों का भूमि पूजन आज किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री देवेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि टाउनशिप को पहले जैसा व्यवस्थित करना है, वार्ड में बेहतर साफ-सफाई होगी, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को निःशुल्क अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए हमने प्रयास किया , सेक्टर 6 में अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिसमें कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी अध्ययन कर पाएंगे! आने वाले दिनों में इस स्कूल में प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधा मिलेगी! सिविक सेंटर का पूर्ण जीर्णोद्धार किया जा रहा है, सभी सेक्टर में विकास कार्य किए जा रहे हैं! चाहे खेल की दिशा में हो , चाहे शिक्षा की दिशा में हो, चाहे स्वास्थ्य की दिशा में हो लगातार कार्य हो रहे हैं! टाउनशिप ही नहीं वरन पूरे भिलाई में विकास कार्य चल रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी